मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-499

07/11/2022

मुख्यमंत्री ने गुरूनानक जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं

पटना, 07 नवम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गुरूनानक जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि गुरुनानक जी के व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म संस्थापक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु के गुण मिलते हैं। उन्होंने शांति, दया एवं मानवता का पवित्र संदेश देने के लिये चारों दिशाओं में बड़े पैमाने पर यात्राएं की थीं। गुरूनानक देव जी ने 'इक ओंकार' का नारा दिया था यानि ईश्वर एक है। गुरूनानक देव जी कहा करते थे कि किसी भी तरह के लोभ को त्याग कर, अपने हाथों से मेहनत कर और न्यायोचित तरीकों से धन अर्जित करना चाहिये। गुरूनानक देव जी के समग्र एवं समरस समाज बनाने के सपने को पूरा करने के लिये हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भी बिहारवासियों एवं देशवासियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।

******